हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 15 सितंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 36.4 डिग्री
न्यूनतम 23.9 डिग्री

12 हर मंडल से 75-75 कार्यकर्ता करेंगे रक्तदान



12 हिंदी हमारी राष्ट्रीय एकता व अखंडता की प्रतीक



## खबर संक्षेप

### जेठ पर लगाया दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

**यमुनानगर।** महिला ने अपने जेठ पर घर में घुसकर दुष्कर्म करने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। प्रतापनगर थाना के अंतर्गत क्षेत्र की महिला ने पुलिस शिकायत में बताया कि गत 12 सितंबर की शाम वह घर पर अकेली थी। इस दौरान उसका जेठ अनिल दरवाजा खोलकर घर में घुस गया और दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। उसने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

### युवक की हत्या के चार आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** पानीपत के गांव रेरकलां के खेतों में बंधक बनाकर 21 वर्षीरू मोहित की पीट पीट कर हत्या करने के चार आरोपियों सुरेश निवासी हरि नगर, कच्चा कैंप दीवान नगर, बत्तरा कालोनी निवासी सौरभ उर्फ धोला, शक्ति नगर निवासी जतिन उर्फ चीता व ईदगाह कॉलोनी निवासी राहुल उर्फ काला को थाना सदर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### लापरवाह 440 वाहन चालकों के काटे चालान

**पानीपत।** पानीपत जिला यातायात पुलिस ने यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान ड्रंक एंड ड्राइव, लेन चेंज, प्रेशर हॉर्न, रॉग पार्किंग, बगैर नंबर प्लेट, रॉग साइड ड्राइविंग व दोपहिया वाहन पर ट्रिपल राइडिंग, बुलेट बाइक से पटाखे छोड़ना, आदि नियमों की अनदेखी करते पाए जाने पर 440 वाहनों के चालान किए व 10 को इंपाउंड किया गया।

### सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन बने भाजपा कार्यकर्ता

**कैथल।** हरियाणा सरकार की ओर से सीएम विंडो के एमिनेंट पर्संस की लिस्ट जारी की गई है। कैथल जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के 19 बीजेपी कार्यकर्ताओं को इस लिस्ट में स्थान मिला है। विशेष बात यह है कि इस बार पुराने बीजेपी कार्यकर्ताओं को एमिनेंट पर्सन बनाया गया है। सीवन में नगर पालिका का चुनाव लड़ चुकी शैली मुंजाल व पूंडरी से चुनाव लड़ चुकी ममता सैनी को जिम्मेदारी दी है।

### पुलिस ने मानी मांग तो प्रदर्शन किया स्थगित

**उचाना।** उपमंडल कार्यालय में चल रहे किसान, मजदूर संयुक्त मोर्चा उचाना धरना संयोजक आजाद पालवां ने कहा कि किसान पालाराम खटकड़ को पुलिस ने 14 सितंबर को उचाना पुलिस थाना में हाजिर होने का नोटिस जारी किया था। पुलिस के साथ धरना कमेटी की हुई बातचीत के बाद पुलिस थाना न बुलाकर किसान के घर जाकर बयान लेने की सहमति बनने से धरना प्रदर्शन एवं गिरफ्तारी देने का जो कार्यक्रम तय था वो स्थगित कर दिया।

## अंबाला छावनी के रेलवे स्टेशन पर बूम बैरियर योजना फेल

# छह महीने में ही कंपनी ने सरेंडर कर दिया टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर बूम बैरियर की योजना फेल हो गई। स्टेशन पर आने जाने वाले वाहनों के लिए लगाए गए बूम बैरियर कंपनी के लिए घाटे का सौदा बन गए। महज छह महीने में ही कंपनी ने तीन लाख रुपये का घाटा होने के कारण इस ठेके को सरेंडर करने का फैसला किया है।

- छह महीने में तीन लाख का घाटा होने से बढ़ी दिक्कत

अब रेलवे की ओर से भी नए कंपनी की तलाश शुरू करने की बात कही जा रही है। अंबाला मंडल की ओर से दिल्ली की एक निजी कंपनी को छावनी रेलवे स्टेशन पर बूम बैरियर का ठेका दिया था। बताते हैं कि इस कंपनी के पास कई बड़े शहरों के रेलवे स्टेशन का भी ठेका है। मगर छावनी रेलवे स्टेशन पर रोज हो रहे घाटे की वजह से कंपनी बेहद परेशान थी। दिनोदिन उसका घाटा बढ़ रहा था। इससे छह महीने में ही कंपनी ने ठेका छोड़ने का निर्णय लिया। इस सिलसिले में रेलवे को एक लेटर भी भेजा गया है।



अंबाला। छावनी रेलवे स्टेशन पर लगाए गए बूम बैरियर। फोटो : हरिभूमि

### 2.41 करोड़ में मिला था टेंडर

यहां बूम बैरियर के लिए दिल्ली की कंपनी ने एक वर्ष के लिए 2.41 करोड़ में टेंडर लिया था। इसमें जीएसटी को भी अलग से जोड़ा गया है। हालांकि यहा ठेकेदार को पहले महीने से ही घाटा होना शुरू हो गया था। बताते हैं कि कंपनी को हर महीने 50 हजार रुपये का नुकसान हो रहा था। कंपनी के पीछे हटने से अब रेलवे को नए सिरे से योजना पर काम करना होगा। रेलवे अधिकारी कंपनी को हुए घाटे के तमाम पहलुओं को जांचने की बात कह रहे हैं।

### ट्रेनें कम होने से बढ़ा घाटा

अभी तक कंपनी की ओर से बूम बैरियर योजना से होने वाले घाटे की ठोस वजह तो नहीं बताई गई। माना जा रहा है कि पिछले काफी समय से अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों की आवाजाही कम होने से यह घाटा हुआ है। इसके अलावा रेलवे कर्मचारियों के वाहन भी घाटे की वजह बताए जा रहे हैं। रेलवे कर्मचारी निशुल्क अपने वाहनों को रेलवे स्टेशन पर लेकर आ जा रहे थे। हालांकि ज्यादातर यात्रियों ने कंपनी के रेट महंगे होने को इसकी असल बताया है। इसी वजह से ज्यादातर यात्रियों ने रेलवे स्टेशन की बजाय उसके आसपास ही अपने वाहन पार्क करना शुरू कर दिया। वाहनों की संख्या कम होने से कंपनी का घाटा बढ़ गया। कंपनी मैनेजर चंदन कुमार ने बताया कि बूम बैरियर का ठेका काफी ज्यादा था। जबकि स्टेशन पर आने वाले वाहनों की संख्या बेहद कम थी। कंपनी को इसी वजह से हर महीने घाटा हो रहा था। छह महीने में ही यह घाटा बढ़कर तीन लाख पार हो चुका था। ऐसे में कंपनी ने ज्यादा नुकसान उठाने की बजाय टेंडर सरेंडर करने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि कंपनी के पास दिल्ली समेत कई बड़े शहरों के रेलवे स्टेशनों के टेंडर हैं। वहां काम अच्छा चल रहा है लेकिन यहां पहले महीने से ही नुकसान शुरू हो गया था। रेलवे कर्मचारी भी यहां नुकसान की एक वजह थे। वे शुल्क दिए बिना ही अपने वाहन ले जाते थे।

### इस वजह से लागू की थी योजना

दरअसल अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन से रोजाना 30 से 40 हजार यात्रियों आवागमन होता है। ऐसे में रेलवे स्टेशन पर आने वाले वाहनों की संख्या भी 500 के आसपास होती है। रेलवे परिसर में खड़े होने वाले ये वाहन रिक्शा, ई-रिक्शा, ऑटो व प्राइवेट टैक्सी चालक यात्रियों के साथ रेलवे प्रशासन के लिए मुसीबत बन रहे थे। निजी वाहन चालक भी सीधे रेलवे स्टेशन के बाहर ही अपने वाहन ले जाते थे। ऐसे में यहां कई बार ट्रैफिक की समस्या हो जाती थी।रेलवे की ओर से इन वाहनों को कंट्रोल करने के लिए बूम बैरियर योजना लागू की थी। इससे वाहनों पर शिकंजा कसने के साथ रेलवे को भी सालाना अच्छी आमदनी होना तय था।

## पानीपत के छात्र सोमवीर ने यूपी में जीता सिल्वर मेडल

- दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में 11वीं का छात्र है सोमवीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल के कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थी सोमवीर ने बनारस, उत्तर प्रदेश में सीबीएसई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय चैंपियनशिप डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर अपने विद्यालय, पानीपत, हरियाणा, अपना व अपने परिजनों का नाम रोशन किया।

प्रधानाचार्या डॉ. विनीता तोमर ने सोमवीर को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। डॉ तोमर ने कहा कि सोमवीर को खेल को निखारने के लिए स्कूल प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग दिया जाएगा। वहीं उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में सोमवीर देश का नाम दुनिया में रोशन करेगा।



पानीपत। डीएसपीएस की प्राचार्या डॉ विनीत तोमर के साथ सोमवीर।

## हिंदी दिवस पर राष्ट्र स्तरीय हिंदी निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में हिंदी विभाग के तत्वावधान में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में ऑनलाइन राष्ट्र स्तरीय हिंदी निबंध प्रतियोगिता हुई। वहीं, प्रतियोगिता में प्रथम सृष्टि मेहता एसडी कॉलेज, अंबाला, द्वितीय सुमित आनंद आईबी कॉलेज पानीपत, तृतीय मुस्कान एलबीएस महिला आयुर्वेदिक कॉलेज, सांत्वना पुरस्कार प्रगति सेजवार जीएमएन कॉलेज, अंबाला को मिला। इधर, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि हिंदी विश्व की प्रमुख भाषाओं में से एक है। यह विश्व की प्राचीन, समृद्ध एवं सरल भाषाओं में गिनी जाती है और साथ ही हमारी राजभाषा भी है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमें गौरव प्रदान करती है। वहीं, सभी को हिंदी का अधिक से अधिक बोलने व लिखने में प्रयोग करना चाहिए। इस अवसर पर हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. गुरनाम सिंह, डॉ. शर्मिला यादव डॉ. जोगेश डॉ. सुनीता ढांडा, डॉ. निर्मला, डॉ. पूजा एवं डॉ. रेखा आदि उपस्थित रहे।

## घरौंडा : झाड़ियों में मिला महिला का अर्धनग्न शव

- प्राथमिक जांच में शव लगभग दो सप्ताह पुराना बताया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

मधुबन थाना क्षेत्र के ऊंचा सामना गांव के पास जीटी रोड किनारे झाड़ियों में रविवार को एक महिला का अर्धनग्न अवस्था में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। इस संदिग्ध स्थिति में मिला शव पुलिस ने कब्जे में लेकर करनाल के मॉर्चुरी हाउस में सुरक्षित रखवा दिया है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि शव लगभग दो सप्ताह पुराना है।

रविवार को ऊंचा सामना गांव के पास जीटी रोड के समीप करनाल निवासी रमेश व रविंद्र अपने खेतों में धान की फसल पर स्प्रे का कार्य कर रहे थे। तभी झाड़ियों के पास से तेज दुर्गंध आने लगी। पास जाकर देखा तो एक महिला का शव पड़ा हुआ था। शव अर्धनग्न अवस्था में था और शरीर में कीड़े लगे हुए थे। इस घटना की जानकारी खेत मालिकों ने मधुबन थाना पुलिस को दी। यदि 72 घंटे के भीतर पहचान नहीं होती है तो शव का पोस्टमार्टम कराकर उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### शरीर पर 'नीतू कुमारी' नाम लिखा पाया

शव की जांच में महिला के शरीर पर दो हार्ट शेप और अंग्रेजी में 'नीतू कुमारी' नाम लिखा पाया गया। पुलिस का मानना है कि यह मामला व्यक्तिगत रिश्ते या अपराध से जुड़ा हो सकता है। एसएचओ गौरव पुनिया ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर करनाल के मॉर्चुरी हाउस में सुरक्षित रखा गया है।

## सूदखोरों पर शिकंजा चार आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** पुलिस ने अवैध सूदखोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को काबू किया है। व्यापारी गुरमीत निवासी कुलतारण की शिकायत पर यह कार्रवाई हुई।

शिकायतकर्ता गुरमीत ने बताया कि उसने व्यापार के लिए सूदखोरों से रकम उधार ली थी। मूलधन लौटाने के बावजूद आरोपी विक्रमजीत निवासी मानस, अभीषेक निवासी पट्टी अफगान, कुलबीर निवासी वजीर नगर और सतपाल सैनी निवासी सजुमा लगातार उससे मोटा ब्याज मांगते रहे। वे उसे धमकाने, गाली-गलौज करने और जबरन वसूली करने लगे। आरोप है कि आरोपियों ने लाखों रुपये नकद, जेवर और अन्य सामान भी छीन लिया। पीड़ित ने कहा कि यह गिरोह मिलकर लोगों को आसान पैसे का लालच देकर जाल में फंसा देता है और फिर कई गुना ब्याज वसूलता है।

## 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक देशभर में चलेगा स्वच्छता ही सेवा अभियान : मनोहर लाल

15 दिनों में होंगे 17 तरह के कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने रविवार को करनाल स्थित भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में सेवा पखवाड़े को लेकर बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक देशभर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसमें शहरों की सफाई के साथ कई कार्यक्रम आयोजित होंगे।

मंत्री ने कहा कि 15 दिनों में 17 तरह के कार्यक्रम होंगे, जिनमें रक्तदान शिविर, /"एक पेड़ मां के नाम/", प्रबुद्धजनों की बैठक, जीएसटी पर व्यवसायियों का सम्मेलन और साहित्य वितरण जैसे आयोजन शामिल हैं। इन कार्यक्रमों में जिला, विधानसभा और गांव स्तर पर कार्यकर्ताओं को जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पखवाड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन (17 सितंबर), महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री (2 अक्तूबर) की जयंती और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। मनोहर लाल ने बाढ़ प्रभावित राज्यों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं प्रभावित इलाकों का दौरा कर चुके हैं और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी घोषणा की है कि किसानों और प्रभावित परिवारों को सहायता दी जाएगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना पर पूछे गए सवाल में उन्होंने कहा कि पहला चरण 94 प्रतिशत पूरा हो चुका है और दूसरे चरण में देशभर में 3 करोड़ मकान बनाए जाएंगे। वहीं, भारत-पाक क्रिकेट मैच के संदर्भ में उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा और दुश्मनों को हमेशा मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।



### ये रहे मौजूद

इस मौके पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, मुख्य सचेतक व इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप, नीलोखेड़ी विधायक भगवानदास कबीरपंथी, करनाल विधायक जगमोहन आनंद, असंध विधायक योगेंद्र राणा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि कविंद्र राणा, जिला महामंत्री सुभाष कश्यप, पूर्व चेयरमैन इलम सिंह, डॉ. पूनम पांचाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कार का फर्जी ई.चालान भेजकर 4.29 लाख ठगे

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के मोबाइल पर कार का फर्जी ई.चालान भेजकर चार लाख 29 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने पीडित की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक शहर के मॉडल टाउन निवासी मनोज मेहंदीरत्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 23 अगस्त को उसके मोबाइल पर एक मैसेज आया। उसने मैसेज देखा तो उसमें उसकी कार का ई.चालान भेजा गया था। उसने अपने बेटे मनोज मेहंदीरत्ता को ई.चालान को भरने के लिए बोला तो बेटे ने उक्त लिंक पर क्लिक किया तो आधार कार्ड नंबर, पैन कार्ड नंबर सहित अन्य डिटेल मांगी गई। बेटे ने सभी डिटेल जैसे ही अपलोड किया तो साइबर ठगों ने मोबाइल को हैक कर लिया। इसके कुछ देर बाद ठगों ने उसके बैंक खाते से चार लाख 29 हजार 999 रुपये ट्रांसफर कर लिए। बैंक खाते का मैसेज आया तो उनके होश उड़ गए। पुलिस से संपर्क कर शिकायत दी। जिसके बाद अब थाना साइबर क्राइम पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

## ग्रामीणों ने करनाल-पटियाला हाईवे पर लगाया जाम

- कौल गांव में नहर से लेकर जनता कॉलेज तक सड़क पूरी तरह से खस्ताहाल है, जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं

**कैथल ।** गांव कौल में सड़कों की खस्ता हालत से खफा ग्रामीणों ने करनाल से पटियाला मार्ग को जोड़ने वाले स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया। जाम लगने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस कारण वाहन चालकों व राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

ग्रामीणों का कहना है कि कौल गांव में नहर से लेकर जनता कॉलेज तक सड़क पूरी तरह से खस्ताहाल है, जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। बीते दिन भी यहां एक युवक का एक्सीडेंट हो गया था। ग्रामीणों ने कहा कि अगर सड़क नहीं बनवा सकते तो सड़क किनारे लगी लाइटों को चालू किया जाए, क्योंकि अंधेरे में यहां किसी प्रकार का कोई व्यक्ति नहीं दिखता और न ही गड्ढा दिखता है।जाम की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन और जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल मौके पर पहुंचे। जिला परिषद चेयरमैन ने कहा कि यह उनके गांव की समस्या है और वह इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेते हैं कि सड़क का सुधार नहीं हो पाया है।

## कुरुक्षेत्र के सांसद ने कमालपुर टापू में यमुना नदी से हुए भूमि कटाव का किया निरीक्षण

# भूमि कटाव रोकने के लिए करें पुख्ता प्रबंध : जिंदल

- सांसद नवीन जिंदल ने भूमि कटाव रोकने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

कुरूक्षेत्र लोक सभा के सांसद नवीन जिंदल ने प्रशासन के अधिकारियों के साथ यमुनानगर के गांव टापू कमाल पुर में पहुंचकर यमुना नदी से हुए भूमि कटाव का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर हालात का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे यमुना नदी के तटबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान करें और पुख्ता प्रबंध करें। ताकि भूमि कटाव को रोका जा सके।

सांसद नवीन जिंदल ने निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों एवं किसानों को आश्वासन दिया कि अधिक वर्षा होने के कारण उन्हें जो नुक्सान हुआ है कि सरकार द्वारा विशेष मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र व हरियाणा सरकार किसानों के हितों को सर्वोपरि मानती है और किसान को देश का अन्नदाता भी कहा जाता है। इसलिए सरकार का दायित्व बनता है कि संकट के समय किसानों को आर्थिक मदद करें। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि प्रशासन की ओर से हर प्रकार की सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि जिन्दगी में दोबारा ऐसा न हो इसके लिए सरकार किसानों की चिंता करती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ राहत कार्यों में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रभावित किसी भी नागरिक को राहत से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने नुकसान के मानक तय करते हुए घोषणा की है कि प्रभावित किसानों को खराब हुई फसल का मुआवजा मिलेगा तथा मकानों के नुकसान की भरपाई की जाएगी। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि हरियाणा सरकार हमेशा किसानों के साथ खड़ी है और किसानहित में अनेकों कदम उठाए गए हैं और भाजपा सरकार आगे भी कार्य करती रहेगी। उन्होंने यमुना नदी में जल परिवहन की संभावना व्यक्त की और कहा कि वे इस विषय पर केन्द्र सरकार में चर्चा करेंगे। उन्होंने यमुना नदी के तटबंधों को स्थाई तौर पर मजबूत व पुख्ता प्रबंध करने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनका निराकरण करने का भरोसा दिलाया।



यमुनानगर। कमालपूर टापू में भूमि कटाव का निरीक्षण करते हुए सांसद नवीन जिंदल। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता विनोद कुमार, जिला परिषद उपाध्यक्ष अग्निविजय, भाजपा नेता नेपाल राणा, महामंत्री भाजपा नरेंद्र राणा, पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका, ब्लॉक समिति अध्यक्ष विपिन काम्बोज व मंडल अध्यक्ष अवधेश राणा आदि मौजूद रहे।

## फल्गु लोककला महोत्सव का कवि सम्मेलन से हुआ समापन

- 'सिया के राम' में राम कथा के गीतकार चरणजीत की विशेष प्रस्तुति रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा एवं फल्गु मंदिर सुधार समिति के संयुक्त तत्वावधान में फल्गु तीर्थ पर तीन दिवसीय लोककला महोत्सव रविवार को संपन्न हो गया। महोत्सव के अंतिम दिन हरियाणवी मखौल एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर कुलदीप चंद अग्निहोत्री, कार्यकारी उपाध्यक्ष, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी ने दीप प्रज्वलन से किया। शुरुआत कवयित्री अनामिका वालिया शर्मा ने सरस्वती वंदना और कविताओं से देश प्रेम का संदेश देते हुए खूब तालियां बटोरी। सुप्रसिद्ध हरियाणवी हास्य कलाकार संजीत कौशिक ने अपने हरियाणवी हास्य-मखौल से उपस्थित श्रोताओं को हंसाकर तालियां बटोरी। हरियाणवी कवि प्रदीप सिंह ने समाज पर व्यंग्य करते हुए अपनी कविता "बाबू भगवान है" से श्रोताओं को प्रभावित किया। विख्यात हास्य कलाकार आजाद दुहन के मंच पर आते ही उपस्थिति श्रोताओं ने उनकी जोरदार अभिनंदन किया। दुहन ने अपने हरियाणवी हास्य-मखौल से हास्य के माध्यम से समाज को हास्य-मखौल के माध्यम से समाज को भाई-चारे का संदेश दिया। दिनेश शर्मा दिनेश ने फल्गु तीर्थ पर अपना मुक्तक पढ़ा कहा "महाभारत पुराणों में जहां भी नाम पढ़ता हूं,फल्कीवन है बड़ा तीर्थ इसी का ध्यान धरता हूं। तर्पण करें यहां आकर कि सारे पितर तर जाते, गया सा है बहुत पावन इसे प्रणाम करता हूं।"

## खबर संक्षेप

### निफा के उत्सव में शामिल होंगे मॉरीशस के राष्ट्रपति

**करनाल।** सामाजिक संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफा) अपनी स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर 21 से 24 सितंबर तक युवा उत्सव का आयोजन कर रही है। इस अवसर पर मॉरीशस के राष्ट्रपति अपनी धर्मपत्नी सहित करनाल आएंगे। 22 सितंबर को सेक्टर 12 स्थित गोल्डन मोमेंट में "एक शाम भारत–मॉरीशस दोस्ती के नाम" कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। निफा संस्थापक प्रीतपाल सिंह पन्नू ने बताया कि इस आयोजन में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, विधायक जगमोहन आनंद, योगेंद्र राणा, भगवान दास कबीरपंथी, राम कुमार कश्यप और मेयर रेणु बाला गुप्ता को भी आमंत्रित किया गया है। देश के 651 जिलों से 1600 युवा सामाजिक कार्यकर्ता चयनित किए गए हैं, जिन्हें जिला और राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

### हिंदी साहित्य और लेखन अब चौपालों तक पहुंची

**करनाल।** हिंदी दिवस के अवसर पर विशेषज्ञों ने कहा कि इक्कीसवीं सदी में हिंदी ने अभूतपूर्व विकास किया है। डिजिटल क्रांति और हिंदी पत्रकारिता ने इसे गांव-गांव तक पहुंचा दिया है। पूर्व में हिंदी का प्रयोग सीमित था, लेकिन अखबारों के लोकल संस्करण और हिंदी टीवी चैनलों की बढ़ती लोकप्रियता ने इसे नई पहचान दी। कोविड से पहले हरियाणा में हिंदी अखबारों की प्रसार संख्या दस करोड़ को पार कर गई थी। वहीं, सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी हिंदी सबसे आगे रही।

### डा. जय भगवान को किया गया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक, संचालक एवं विख्यात साहित्यकार डा. जय भगवान सिंगला को बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित एक भव्य समारोह में सम्मानित किया गया। डा. जय भगवान सिंगला को बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एच एल वर्मा, डीन एकेडमिक अफेयर प्रो. कपिल नवीन और हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. बाबूराम ने सम्मानित किया।



### बाल विवाह को जड़ से मिटाने में मांगा सहयोग

**कुरुक्षेत्र।** जस्ट राइटस फॉर चिल्ड्रेन की सहयोगी संस्था एमडीडी ऑफ इण्डिया द्वारा बाल विवाह के खिलाफ वैश्विक अंतर धार्मिक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जो 21 सितम्बर तक चलेगा। संस्था की टीम ने जिले के सभी धार्मिक स्थानों पर प्रतिनिधियों से मिल कर आग्रह किया कि वे श्रद्धालुओं को बाल विवाह के उन्मूलन के लिए प्रेरित करें। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में धार्मिक गुरु महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। एमडीडी ऑफ इण्डिया द्वारा कुरुक्षेत्र जिले में बाल कल्याण समिति आदि मौजूद रहे।

---

### असंध में मेधावी छात्रों को लैपटॉप, टैबलेट और स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

# विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार जरूरी: हरविन्द्र कल्याण





**शिक्षा और खेल क्षेत्र में अव्वल आए 43 विद्यार्थी सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ असंध/करनाल

जीवन चानन महाविद्यालय में रविवार को आयोजित 10वीं कक्षा के मेधावी छात्रों के सम्मान समारोह में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि विकसित राष्ट्र के निर्माण में शिक्षा के साथ संस्कारों की भी अहम भूमिका है। कार्यक्रम में शिक्षा और खेल क्षेत्र में अव्वल आए 43 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इनमें सीबीएसई के 15, हरियाणा बोर्ड के 15 और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 13 छात्र शामिल थे। प्रथम तीन स्थान पर आए छात्रों को लैपटॉप, चौथे व पांचवें स्थान पर आए छात्रों को टैबलेट तथा अन्य को स्कूल बैग व स्मृति चिन्ह दिए गए। विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान ही शक्ति है। बच्चों को केवल पैसा कमाने की मानसिकता नहीं बल्कि राष्ट्रहित और समाजहित को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़े का आयोजन भी इसी उद्देश्य के तहत किया जा रहा है।

#### राष्ट्र निर्माण में युवाओं का योगदान बेहद जरूरी


इस मौके पर असंध विधायक योगेंद्र राणा ने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं का योगदान बेहद जरूरी है। आयोजक वेलफेयर फाउंडेशन के संचालक सुमित नरवाल ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम में विक्रम राणा, संजय राणा, सोमबीर राणा, राशिद अहमद, सुरेन्द्र गत्ता, प्रवीन मान मीनू, मोहन शर्मा, राजू प्रजापति, महावीर शर्मा, विजेन्द्र नरवाल, जसबीर नरवाल, जितेन्द्र राणा, सुशील, सतीश शर्मा, पप्पू राणा, कर्मबीर शर्मा, संदीप, सुनील फफड़ाना, सतबीर, सेवा फौजी, प्रवीन शर्मा, प्रवीन राणा, संजू सहित बड़ी संख्या में अभिभावक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

#### युवाओं को समाजहित में कार्य करने की प्रेरणा दे रही महापुरुषों की शिक्षाएं: विधानसभा अध्यक्ष

- असंध की रोड़ धर्मशाला में अभिनंदन समारोह, 21 लाख की घोषणा

**असंध/करनाल।** रोड़ धर्मशाला असंध में रविवार को आयोजित अभिनंदन समारोह में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने युवाओं से आह्वान किया कि वे संत-महापुरुषों की सीख पर चलते हुए समाजहित में कार्य करें। उन्होंने कहा कि समाज की तरक्की होगी तो व्यक्ति की तरक्की अपने आप हो जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने रोड़ धर्मशाला के लिए 21 लाख रुपये देने की घोषणा की। वहीं, असंध विधायक योगेंद्र राणा ने भी समाज को 11 लाख रुपये देने और असंध में एक चौक पर स्वामी ब्रह्मानंद की प्रतिमा स्थापित करने तथा एक गांव में स्टेडियम बनाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष को पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बिना पर्ची और खर्ची के सरकारी नौकरियां दीं, उसी राह पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश को आगे बढ़ा रहे हैं। विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि जगतगुरु स्वामी ब्रह्मानंद की शिक्षाएं सभी को सद्‌मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। इस अवसर पर एसडीएम राहुल, डीएसपी गोरखपाल राणा, नायब तहसीलदार राधेश्याम, पवन शाहपुर, नरेश पोपड़ा, अजय सरपंच, बलजीत सिंह, मास्टर सत्यवान सिंह, सतपाल रोड़, मेहर सिंह जुड़ला सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

---



तरावड़ी। पत्रकार वार्ता करते हुए सीएमडी प्रमोद सिंगला व रजत सिंगला।

### पत्रकरों से रूबरू हुए प्रमोद सिंगला

# विदेशों में भारत की एक अलग पहचान बन चुकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज नई ऊंचाइयों को छू रहा है। भारत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है और विदेशों में भी भारत की एक अलग पहचान बन चुकी है। यह शब्द श्रीराम फूड्स तरावड़ी के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रमोद सिंगला ने कहे। उन्होने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार हर वर्ग को ध्यान में रखकर योजनाएं लागू कर रही है, जिनका सीधा लाभ आम जनता और व्यापारी वर्ग को मिल रहा है। प्रमोद सिंगला ने बताया कि जीएसटी प्रणाली में लगातार सुधार किए जा रहे हैं, जिससे व्यापारियों को पारदर्शिता और सरलता मिली है। छोटे व मध्यम व्यापारियों के लिए जीएसटी फाइलिंग प्रक्रिया को आसान बनाना, ऑनलाइन पोर्टल की सुविधाएं बढ़ाना और समय-समय पर राहत देने वाले संशोधन मोदी सरकार की व्यापारी हितैषी सोच को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा क्रेडिट गारंटी स्कीम, पीएम स्वनिधि योजना, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया मिशन जैसी योजनाएं व्यापार जगत के लिए बड़ी सौगात साबित हुई हैं। इन योजनाओं के माध्यम से न केवल व्यापारियों को आसान ऋण उपलब्ध हो रहा है, बल्कि नए व्यापारियों और युवाओं को भी रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

#### पीएम और सीएम की तारीफ की

इस मौके पर उद्योगपति साहिल सिंगला और रजत सिंगला ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने व्यापारियों का विश्वास जीतने का काम किया है। प्रदेश सरकार की नीतियों के चलते हरियाणा आज औद्योगिक क्षेत्र में अग्रणी बन रहा है। उन्होंने कहा कि तरावड़ी जैसे कस्बों में भी व्यापारी वर्ग को सरकार की योजनाओं से सीधे लाभ मिल रहे हैं। भविष्य में और भी नई नीतियां लागू होंगी, जिससे व्यापार और उद्योग का विस्तार होगा।

---

# हिंदी हमारे देश की एकता और अखंडता का प्रतीक: रागिनी राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी



गीता मॉडर्न उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या रागिनी राय ने कहा कि हिंदी दिवस हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो हमें अपनी मातृभाषा के प्रति गर्व और सम्मान की भावना को पुनः जागृत करने का मौका देता है। हिंदी न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे देश की एकता और अखंडता का भी प्रतीक है। हिंदी भाषा का महत्व न केवल साहित्यिक दृष्टिकोण से है, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह भाषा हमें अपने विचारों को व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम प्रदान करती है और हमारे समाज को एक सूत्र में बांधने का काम करती है। इस अवसर पर, हमारे विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें हिंदी कविता प्रतियोगिता, निबंध लेखन पर व्याख्यान शामिल हैं।

#### मातृभाषा का महत्व बताया

*इन कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों में हिंदी के प्रति रुचि और सम्मान को बढ़ावा देना है, साथ ही उन्हें अपनी मातृभाषा के महत्व को समझने के लिए प्रेरित करना है। प्रधानाचार्य रागिनी राय ने आगे कहा, हिंदी दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमें अपनी भाषा का संरक्षण और संवर्धन करना चाहिए। हमें अपने बच्चों को हिंदी सिखाने और इसके महत्व को समझाने की आवश्यकता है, ताकि वे अपनी मातृभाषा के प्रति गर्व महसूस करें। विद्यालय इस अवसर पर हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसके महत्व को समझाने के लिए प्रतिबद्ध है।*

---

# सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा संपन्न

- कथावाचक श्री पुंडरीक गोस्वामी जी महाराज ने सेवा और विजयादशमी का किया विवेचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



श्री खाटू श्याम कीर्तन मंडल द्वारा सेक्टर-12 स्थित गोल्डन मोमेंट में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा रविवार को हवन-यज्ञ व पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुई।

कथा को विराम देते हुए यजमानों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए और सेवा कार्य में सहयोग करने वालों को सम्मानित किया गया। विश्वविख्यात कथावाचक श्री पुंडरीक गोस्वामी जी महाराज ने प्रवचन में कहा कि सेवा का मतलब केवल कुछ करना नहीं बल्कि हमेशा कुछ करने के लिए तैयार रहना है। भक्त के जीवन का लक्ष्य या तो विष्णु को प्रसन्न करना होता है या वैष्णव को। जब वैष्णव प्रसन्न होता है तो ठाकुर जी भी कृपा बरसाते हैं। उन्होंने कहा कि विजयादशमी पर रावण दहन को लेकर भ्रम है कि भगवान राम ने इसी दिन रावण का वध किया था, जबकि शास्त्रों में वर्णन है कि दशहरे के दिन राम ने नवरात्रि पूजन के बाद युद्ध की शुरुआत की थी। रावण वध के बाद राम पुष्पक विमान से अयोध्या लौटे थे। उन्होंने कहा कि परमात्मा ही प्रकृति का निर्माण, संचालन और महादेव रूप में प्रलय कर रूपांतरण करते हैं।

#### मौजूद रहे

इस अवसर पर अंकुर गुप्ता, आशीष गुप्ता, रजत गर्ग, कर्ण बंसल, सार्थक मित्तल, विपिन गर्ग, पवन सिंगला, भाविक बंसल, अनमोल मित्तल, आकाश गुप्ता, सुशील सिंगला, यशित गुप्ता, मोहित गुप्ता, अक्षत गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, योगेश सिंगला, निखिल जिंदल, सोनू गर्ग, हरीश गोयल, नीतिश गोयल, पंकुल गुप्ता व प्रशांत गोयल सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे।

---

# चावल के व्यापार से सरकार को भारी आय

- चावल का एक्सपोर्ट का काम सबसे अधिक तरावड़ी से

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी



चावल एक्सपोर्टर विजय गोयल, बृज भूषण गोयल, अमन गुप्ता, प्रमोद बंसल, प्रवीन गर्ग, रुशिल गुप्ता, प्रमोद सिंगला।

शहर में होने वाले चावल के व्यापार की बात करें तो पूरे वर्ष में जितना चावलों का व्यापार पूरे प्रदेश में होता है, उसका 35 से 40 प्रतिशत चावलों का व्यापार जिले करनाल में होता है तथा जिले के कई चावल एक्सपोर्टरों ने चावल व्यापार में वह मुकाम हासिल किया है, जो हर किसी को नसीब नहीं होता। चावल के व्यापार से भारत सरकार को भी हर वर्ष विदेशी मुद्रा के रूप में करोड़ों की आय होती है तथा इस शहर में सीएमआर का काम करने वाले व्यापारियों की संख्या भी इस वर्ष 50 के करीब पहुंच गई है। जो सरकार से धान लेकर अपनी मिलों में चावल तैयार करके सरकार को देते है। चावल का एक्सपोर्ट का काम सबसे अधिक इस शहर तरावड़ी में होता है तथा शहर के जो बड़े-बड़े चावल एक्सपोर्टर है उनकी मिलों में तैयार होने वाला चावल ईरान जैसे कई अरब देशों में एक्सपोर्ट होता है। शहर के कई बड़े-बड़े चावल एक्सपोर्टरों ने तो चावल का व्यापार करने के लिए दुबई जैसे शहरों में अपने-अपने काऊंटर तक खोल रखे है।

#### विदेशों में पैसा ना डूबे, व्यवस्था हो

शहर में विदेशी चावल एक्सपोर्टरों का अकसर आना-जाना लगा रहता है। चावल के व्यापारी का पैसा विदेशों में ना डूबे, इसके लिए भारत सरकार ने ऐसी व्यवस्था कर रखी है कि चावल व्यापारी चाहे तो बैंक से गारंटी लेकर अपना एक्सपार्ट भी कर सकता है पर व्यापार में एक-दूसरे पर विश्वास तो करना ही पड़ता है तथा व्यापार बिना विश्वास के चल ही नहीं सकता। चावल व्यापारी व्यापार में होने वाले घाटे को तो बर्दास्त कर सकता है लेकिन कोई विदेश का व्यापारी पैसा देने से मना कर दे तो चावल व्यापारी संभल नहीं पाता।

---

# आत्मा देह का त्याग कर देती है तो उसे मृत्यु कहते हैं: साध्वी

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से श्री शिव चित्रगुप्त मंदिर में आयोजित सत्संग कार्यक्रम में साध्वी सुश्री अंबला भारती ने कहा कि शास्त्रों के अनुसार जब आत्मा शरीर छोड़ देती है तो उसे मृत्यु कहते हैं। उन्होंने कहा कि ब्रह्मज्ञान प्राप्त साधक अपने जीवनकाल में ऐसी साधना कर लेता है कि मृत्यु के क्षण में भी उसकी चेतना शांत रहती है। महापुरुषों के मुख पर मृत्यु के समय प्रसन्नता का भाव इसी साधना का परिणाम होता है।

#### आत्मा का अनुभव बिना मृत्यु के संभव नहीं

साध्वी ने कहा कि आत्मा का अनुभव किए बिना मृत्यु को समझा नहीं जा सकता। गीता के उपदेश के अनुसार साधक ध्यान और एकाग्रता द्वारा मृत्यु पर विजय पा सकता है। कार्यक्रम में भक्तिमय भजनों ने वातावरण को भक्तिरस से भर दिया और उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

---

**कार्यक्रम** | तरावड़ी स्थित मां अन्नपूर्णा धाम में श्रीराम कथा का होगा आयोजन

श्री हनुमान सेवा समिति ने बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया

# श्री हनुमान सेवा समिति की ओर से श्रीराम कथा 22 से 30 सितम्बर तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

श्री हनुमान सेवा समिति प्रधान अमन शर्मा ने बताया कि तरावड़ी स्थित मां अन्नपूर्णा धाम में 22 सितम्बर से 30 सितम्बर तक नौ दिवसीय भगवान श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जाऐगा। 1 अक्तूबर को हनुमान चालीसा पाठ, हवन यज्ञ और विशाल भंडारा होगा। श्रीराम कथा में श्रद्धेय श्री प्रहलाद मिश्रा जी रामायणी अपनी मधुर वाणी से प्रवचन करेंगे। हनुमान सेवा समिति प्रधान अमन शर्मा ने बताया कि श्री भगवानदास कबीरपंथी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि नगरपालिका के चेयरमैन विरेंद्र बंसल विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल होंगे।



तरावड़ी। बैठक मे चर्चा करते समिति के प्रधान अमन शर्मा व सदस्य।

#### तन-मन-धन से सफल बनाने का आह्वान

अलावा 22 सितम्बर को गलैक्सी बासमती राईस के सी.एम.डी. विनोद गोयल, 23 सितम्बर को श्रीराम राईस यूनिट के सी.एम.डी. रविंद्र सिंगला, 24 सितम्बर को महेश राईस मिल के सी.एम.डी. मुकेश गोयल, 25 सितम्बर को बी.डी. ओवरसीस के सी.एम.डी. प्रवीण गर्ग, 26 सितम्बर को महावीर सोलवेंट के सी.एम.डी. नंद किशोर खुराना, 27 सितम्बर को न्यू कैम ऑयल प्रा.लि. के सी.एम.डी. राजकुमार टॉयल, 28 सितम्बर को एन.एम. फूडस के सी.एम.डी. रमेश गोयल, 29 सितम्बर को दिल्ली से समाजसेवी नरेश अरोड़ा, 30 सितम्बर को डबल चाबी बासमती राईस से सी.एम.डी. ऊषा गोयल दीप प्रज्जवलित कर कथा का शुभारंभ करेंगे। श्रीराम राईस ग्रुप के सी.एम.डी. साधुराम सिंगला कार्यक्रम अध्यक्ष रहेंगे। प्रधान अमन शर्मा ने कहा हम सभी मिलकर इस आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए तन-मन-धन से तैयार हैं। अधिक से अधिक लोग आएं और इस धार्मिक उत्सव का हिस्सा बनें।

---

योग शिक्षक नवीन संदूजा के नेतृत्व में हुआ स्वागत समारोह

# अमरनाथ गुफा का प्रसाद लेकर लौटी 'हमारा मिशन स्वस्थ भारत'

- मन से इच्छा करने वाले हर भक्त की मनोकामना बाबा बर्फानी करते हैं पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



हमारा मिशन स्वस्थ भारत योगा टीम को अमरनाथ यात्रा से लौटने के बाद श्री अमरनाथ सेवा मंडल करनाल की ओर से अमरनाथ गुफा का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व योग शिक्षक नवीन संदूजा ने किया।

इस अवसर पर विजय सिंगला और उनकी धर्मपत्नी सुमन सिंगला का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। उपस्थित जनसमूह ने हर हर महादेव और जय हो बाबा बर्फानी के उद्‌घोष किए। नवीन संदूजा ने बताया कि यात्रा की तैयारी योगाभ्यास से होती है ताकि कठिन चढ़ाई और बर्फीले रास्तों में कोई कठिनाई न आए। उन्होंने कहा कि मन से इच्छा करने वाले हर भक्त की मनोकामना बाबा बर्फानी पूरी करते हैं। इस अवसर पर मीनाक्षी मित्तल, कविता चौहान, सुनीता आनंद, कविता चौबे, उमा पसरीचा, कमल चोपड़ा, राजू मदान, सनी आहूजा, कीमती, मान, जितेन्द्र पसरीचा, अशोक, विकास शर्मा, बंटी सहगल सहित बड़ी संख्या में योग शिष्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### चंद्रपाल चांवरिया बने प्रदेश प्रभारी

**पानीपत।** संपूर्ण वाल्मीकि जन उद्धार समिति हरियाणा की मीटिंग में संगठन के मुख्य संस्थापक एवं अध्यक्ष रोशन बिडलान व प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्र सिंह आर्य ने बताया कि चंद्रपाल चांवरिया को हरियाणा का प्रदेश प्रभारी बनाया गया। वहीं, चंद्रपाल चांवरिया ने अपनी नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों का आभार जताया है।

### दुकानदारों ने पुलिस सुरक्षा मांगी

**पानीपत।** गोहाना रोड वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी ने डीएसपी सुरेश सैनी, कृष्णपुरा चौकी इंचार्ज दिनेश, स्थानीय ट्रैफिक इंचार्ज टिंकू से मिले। प्रधान ललित गोयल व उपप्रधान सुरेश सैनी ने बताया कि अनेक कमर्शियल व्हीकल भाड़े की बुकिंग के चलते सारा दिन अपने वाहनों को उनकी दुकानों के आगे खड़ा रखते हैं और इनकी ओट में शराब का सेवन करते हैं तथा रोकने पर लड़ने लगते हैं। महासचिव योगेश गोयल ने बताया कि गोहाना रोड पर कंबल का एक बड़ा बाजार है और त्यौहार का सीजन आने वाला है। इस वजह से रोड पर ग्राहकी बढ़ जाएगी। इसके मद्देनजर इस क्षेत्र में पुलिस का गश्त बढ़वाया जाए।

### फिजियोथेरेपी कैंप लगाया गया

**इसराना।** खालसा प्रचार गुरुद्वारा संत भवन इसराना साहिब में दूसरा निःशुल्क फिजियोथेरेपी कैम्प पानीपत फिजियोथेरेपी एसोसिएशन द्वारा लगाया गया। वहीं, डा.प्रशांत बठला ने कहा कि हिन्दी दिवस पर लगाए गए कैम्प में 300 से अधिक नागरिकों की जांच कर मार्ग दर्शन किया गया। कैंप में डा.रत्नदीप, डा. एश्वर्या शर्मा डा.नितिन बंसल, डा.बाबलू, डा.अनीश गर्ग, डा.साहिल शर्मा, डा.बसंत शर्मा, डा.आकाश शर्मा, डा.दीपक पाड़े, डा. मनु गर्ग, डा.गौरव जांगड़ा आदि उपस्थित रहे।

### धराली में राहत सामग्री भेजी

**पानीपत।** श्री कैलाशी सेवा समिति ने गत पांच अगस्त को धराली में आई भयानक बाढ़ में अनेक लोगों की जान चली गई तथा अनेक लापता हो गए। जबकि अनेक घरों को मलबे में बदल दिया। इसमें प्रभावित लोगों के परिवारों के सहायतार्थ समिति तपोवनी संत माता सुभद्रा आश्रम धराली गंगोत्री उत्तरकाशी में रास्ते खुलने पर राहत सामग्री से भरा एक कैंटर रवाना किया। कंबल, वस्त्र, गर्म कपड़े, चद्दर, बर्तन रसोई में प्रयोग होने वाला सामान इत्यादि शामिल है।

### कांग्रेस एससी सैल की बैठक हुई

**पानीपत।** कांग्रेस भवन में एससी सैल कांग्रेस की मीटिंग हुई। जिसकी अध्यक्षता पानीपत शहर अध्यक्ष नरेंद्र भिवान और ग्रामीण जिला अध्यक्ष सतपाल वाल्मीकि द्वारा की गई। रमेश मलिक जिला अध्यक्ष पानीपत ग्रामीण मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मीटिंग जिला में संगठनात्मक विस्तार को लेकर चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश महासचिव एससी डिपार्मेंट मनोज वाल्मीकि, यूथ कांग्रेस से सुनील सिंहमार, मनीष कुटानी, सुमित, राजेंद्र कंडेला, राजवीर पोडिया, संजय गर्ग, मनजीत नंबरदार, विजय, शमशेर वाल्मीकि, नवीन, विक्रम व विजय आदि मौजूद रहे।

### जोनल खेलकूद प्रतियोगिता 18 से

**पानीपत।** औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के उप निदेशक एवं स्पोर्टस मीट के नोडल अधिकारी धर्मपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पानीपत में 18 व 19 सितम्बर को स्थानीय शिवाजी स्टेडियम में जोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन की शुरुआत की


**पानीपत।** एडीसी डा. पंकज यादव ने बताया कि नशा मुक्त भारत 2047' अभियान के तहत केंद्र सरकार द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और नार्कोटिक्स तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अहम कदम उठाया गया है। इस दिशा में गृह मंत्रालय द्वारा नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइनकी शुरुआत की गई है। यह हेल्पलाइन नंबर प्रति दिन हर समय सक्रिय रहेगी।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित

# दलित हितैषी है भाजपा सरकार : मोहन लाल

### बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने सरकार की नीतियों पर चर्चा की और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। प्रेस वार्ता करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली, मंत्री कृष्ण पंवार, मंत्री कृष्ण बेदी आदि।

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा हरियाणा की विस्तृत कार्यकारिणी समिति की राज्यस्तरीय बैठक रविवार को पानीपत में हुई। वहीं, बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने सरकार की नीतियों पर चर्चा की और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने प्रेस वार्ता में बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर प्रदेशभर में सेवा पखवाड़ा की शुरुआत होगी, जिसमें ढाई लाख कार्यकर्ता भाग लेंगे।

इस अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर, एक पेड़ मां के नाम अभियान और स्वच्छता कार्यक्रम 20 हजार 629 बूथों पर आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि 21 सितंबर को मोदी मैराथन हर जिले में होगी, जिसमें लगभग दो हजार युवा भाग लेकर नशा-मुक्त हरियाणा का संदेश देंगे। 25 सितंबर को दीनदयाल जयंती, दो अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और दशहरे पर भी विशेष कार्यक्रम होंगे। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर समरसता कार्यक्रम, स्वास्थ्य जांच कैंप, दिव्यांग सम्मेलन व शहीद परिवारों का सम्मान भी किया जाएगा।

उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार दलित हितैषी है और प्रदेश में बाढ़ पीड़ित किसानों को 7 से 15 हजार रुपये प्रति एकड़ तक का मुआवजा मिलेगा और 100 प्रतिशत भरपाई का लक्ष्य है।

इधर, विकास, पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि गरीब वर्ग के उत्थान के लिए सरकार लगातार नई योजनाएं ला रही है। उन्होंने खनन से जुड़ी प्रकाशित खबरों को निराधार बताया और कहा कि 30 जून से 15 सितंबर तक खनन कार्य बंद रहता है।

#### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, राष्ट्रीय प्रभारी राजेश लावड़िया, प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावटा, कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, प्रदेश संगठन महामंत्री फणिन्द्र नाथ शर्मा ने अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, महामंत्री अमरनाथ सौधा, प्रदेश उपाध्यक्ष बांतो कटारिया, पूर्व विधायक सत्यप्रकाश जरावटा, मेयर कमल सैनी, प्रदेश सचिव प्रसन्नता चावरिया समेत प्रदेश भर से आए भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## दशहरा पर्व के लिए भूमि का पूजन किया



पानीपत। दशहरा कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान रमेश माटा। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

- दशहरा उत्सव के सफलता पूर्वक होने के लिए प्रार्थना की

दशहरा कमेटी सनौली रोड की जनरल मीटिंग हुडा सेक्टर स्थित श्री रघुनाथ धाम में प्रधान रमेश माटा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें आगामी दशहरा पर्व की तैयारियों के लिए विस्तार से चर्चा की गई तथा सेवादारों को ड्यूटियां सौंपी गई। सर्वप्रथम मित्तल मेगा माल के साथ मेला ग्राउण्ड में भूमि पूजन हुआ। जिसमें दशहरा उत्सव के सफलता पूर्वक होने के लिए प्रार्थना की गई। श्री रघुनाथ धाम में सभी सदस्यों की बैठक हुई। कमेटी में तीन नए युवा सदस्य जितेश बांगा, सुनील लखीना और विनय आहुजा को शामिल किया गया। प्रधान रमेश माटा ने उनका स्वागत पटका पहनाकर किया। कमेटी के वरिष्ठ सदस्य वेद बांगा, कैलाश नारंग, हिमांशु बांगा, देवेन्द्र रेपड़ी, चिमन सेठी, पंकज आहुजा ने भी दशहरा पर्व को और अधिक कुशलता पूर्वक मनाने के लिए अपने विचार रखे। प्रधान रमेश माटा ने बताया कि इस बार दशहरा पर्व में पावन सान्निध्य गीता मनीषी परम पूज्य स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज एवं हरिद्वार जगन्नाथ धाम आश्रम से महन्त श्री अरूणदास जी महाराज जी का होगा। मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त वीरेन्द्र दहिया, एसपी भूपेन्द्र सिंह, केबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, शहरी विधायक प्रमोद विज, महापौर कोमल सैनी, पूर्व सांसद संजय भाटिया, ओपी माटा, कमल अग्रवाल, चन्द्रशेखर शर्मा होंगे। इस अवसर पर प्रीतम गुलाटी, अशोक, डा.रमेश, विरेन्द्र , तिलक राज, पुरूषोत्तम शर्मा आदि मौजूद रहे।

## इनेलो की रोहतक रैली ऐतिहासिक होगी: अभय चौटाला

**पानीपत।** इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला का चौधरी प्रेम सिंह भालसी के हुडा सेक्टर 13-17 कार्यालय पहुंचने पर इनेलो के पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। वहीं, चौटाला ने जिला पानीपत के पार्टी पदाधिकारियों की ताऊ देवीलाल की याद में 25 सितंबर को रोहतक में आयोजित होने जा रही इनेलो रैली के लिए ड्यूटी लगाई। इधर, अभय चौटाला ने दावा किया कि इस बार हरियाणा की जनता राज्य में भाजपा के राज को बदलना चाहती थी, वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा व इसके पुत्र दीपेंद्र हुड्डा ने अंदरूनी तौर पर भाजपा का साथ देकर जनता का दिल दुखाया है। उन्होंने कहा कि रोहतक की जनता की मांग पर ही इनेलो ने ताऊ देवीलाल की याद में रोहतक में रैली रखने का फ़ैसला लिया गया है। दूसरी ओर, इनेलो पदाधिकारी ने अभय चौटाला को विश्वास दिलाया कि ताऊ देवीलाल के सम्मान दिवस पर पानीपत से हजारों लोग इनेलो की रैली में भाग लेंगे। वहीं, बैठक में चौ. प्रेम सिंह भालसी, इनेलो जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी, हेमराज जागलान, निशान मलिक, प्रवीन मलिक, धर्मवीर पाढा, ओमप्रकाश शेरा, रणबीर देशवाल, कपिल बुद्धिराजा आदि इनेलो नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



पानीपत। इनेलो के अध्यक्ष अभय चौटाला का स्वागत करते हुए चौ. प्रेम सिंह भालसी व डॉ नवीन नैन भालसी। फोटो :हरिभूमि

## आदर्श शिक्षक अवार्ड से सम्मानित हुई डॉ. अनु



पानीपत। डीएवी स्कूल थर्मल की कला विभागाध्यक्ष डॉ. अनु कालड़ा पुरस्कार ग्रहण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

**पानीपत।** ट्रू सोल्स फाउंडेशन द्वारा चंडीगढ में आयोजित वार्षिक सैलूट टीचर अवार्ड में पानीपत के डीएवी स्कूल थर्मल, पानीपत की कला विभाग की अध्यक्षा डॉ. अनु कालड़ा को आदर्श शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं डॉ. अनु कालडा को हरियाणा के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार प्रवीण, डॉ. एचएस गिल अध्यक्ष, आदेश मेडिकल कॉलेज व प्रो. डॉ. नवनीत अरोड़ा, एचएजी, आईआईटी रूड़की ने डॉ. अनु कालडा के अध्यापक कार्य की प्रशंसा की और उन्हें पुरस्कार में प्रशस्ति पत्र के साथ ट्रॉफी भेंट की। इधर, डीएवी थर्मल की कार्यवाहक प्राचार्या शिखी सिंघल व स्टाफ ने डॉ. अनु कालडा को बधाई दी। दूसरी ओर, इन्नर व्हील की चार्टर प्रधान कंचन सागर व हैल्पेज ऑर्फन्स के संस्थापक मनन सिंगला समेत विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने डॉ अनु कालड़ा को बधाई दी। स्मरणीय है कि डॉ. अनु इन्नर व्हील मिडटाउन की पूर्व प्रधान व हैल्पेज ऑर्फन्स की वर्तमान सीसीओ है।

## धर्म गुरूओं ने बाल विवाह के खिलाफ अभियान को समर्थन दिया

- विभागों के सहयोग से जिले के हजारों परिवारों को जागरूक किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत




पानीपत। गुरूद्वारा रामदास सिंह सभा मॉडल टाउन के प्रधान हरचंद सिंह धम्मू आदि बाल विवाह के विरोध में प्रचार करते हुए। फोटो :हरिभूमि

जस्ट राइटस फॉर चिल्ड्रेन की सहयोगी संस्था एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा बाल विवाह के खिलाफ वैश्विक अंतर धार्मिक विशेष अभियान चलाया गया। विभिन्न धर्मों के धार्मिक गुरुओं ने धर्म ग्रंथों के महत्वपूर्ण रचनाओं के माध्यम से बाल विवाह के खिलाफ लोगों को जागरूक किया। वहीं अभियान में संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ मिलकर बाल विवाह के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है और इन विभागों के सहयोग से जिले के हजारों परिवारों को जागरूक किया गया है। गुरूद्वारा रामदास सिंह सभा मॉडल टाऊन पानीपत से प्रधान हरचंद सिंह धम्मू, आर्य समाज मंदिर मॉडल टाऊन पानीपत से मंत्री, गांव महाराणा स्थित मदरसा से मौलाना नसीम, सेंट मेरी चर्च से फादर आदि धार्मिक गुरूओं ने कहा कि बाल विवाह अपराध है। खेलने कूदने की उम्र में बाल विवाह करना कानूनी ही नहीं बल्कि सामाजिक व धार्मिक अपराध भी है। सभी धर्म के लोगों से अपील की कि वे बाल विवाह ना करें।



पानीपत। डाइट में पौधे रोपते हुए विधायक प्रमोद विज आदि। फोटो :हरिभूमि

### पर्यावरण के घना करने को पौधे बांटें : प्रमोद विज

**पानीपत।** विधायक प्रमोद विज, नगर निगम कमिश्नर डॉ.पंकज यादव व मेयर कोमल सैनी के मार्गदर्शन में ग्रीन मिशन पानीपत के संयोजक एडवोकेट संदीप जिन्दल और विशेष सहयोगी फ्लाइंग क्लब नीतिन अरोड़ा की पूरी टीम संग मिलकर पानीपत कब डीओसी हरिओम ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पानीपत के प्रांगण व डीईओ कार्यालय प्रांगण में रविवार को पौधरोपण करवाया। हरिओम ने विधायक प्रमोद विज से आम का पेड़ और दो औषधीय वाटिका का शुभारंभ कराया गया। विधायक प्रमोद विज ने कहा कि हमें अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। जिससे हम स्वच्छ और साफ वातावरण में रहकर निरोगी जीवन जी सकें। गौ सेवा प्रांतीय महेन्द्र कलसन और व्यापार मंडल के अध्यक्ष पार्षद अनिल मदान ने पानीपत के निवासियों से अपील की कि वे अपनी मां व अन्य परिजनों के नाम पर पौधे रोपे व उनकी जवान होने तक देखभाल करें। डीईओ राकेश बूरा ने बताया कि हमारे जिले में सभी स्कूलों में पौधरोपण अभियान चलाया गया और पानीपत को हरा भरा शहर बनाने का संकल्प लिया गया।

### स्वच्छता को अपनाएं

**पानीपत।** एडीसी डॉ. पंकज यादव ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा और स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य सामूहिक नागरिक कार्रवाई और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से सेवा और स्वच्छता की भावना को सुदृढ़ करना है।

### बच्चों ने मनाई पिकनिक

**पानीपत।** इन्नरव्हील कल्ब पानीपत मिडटाऊन और नारी कल्याण समिति की पदाधिकारियों ने बाल पुनर्वास केन्द्र, शिव नगर के बच्चों के साथ पिकनिक मनाईं गई। इस अवसर पर क्लब प्रधान रूपाली चोपड़ा, प्रियंका दुआ, कंचन सागर, रजनी बेनीवाल, मोनिका सलूजा, सिमरन गिरधर, सुमन सिंगला, निशा गर्ग, राज नन्दा, वीना भाटिया, कुसुम गुप्ता, कल्ब सम्पादक श्वेता मिगलानी आदि उपस्थित रही।

### मानसून में फैलते है रोग

**पानीपत।** बरसात के मौसम, रोगों का प्रकोप बढ जाता है। वहीं, नागरिकों को मानसून में रहन-सहन से लेकर खानपान तक का ध्यान रखना भी काफी ज्यादा जरूरी है। इस बारे में डॉ. नरेंद्र जेसिया ने कहा कि बारिश के मौसम में सबसे पहले अपने खान-पान में सुधार करना जरूरी है। खासतौर पर ऐसे मौसम में अपने घर से बाहर जंक फूड और ऐसी ही अन्य चीजों को खाने से बचना ही सबसे बेहतर होता है। उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम में काफी देर से कटे हुए रखे फल और सब्जियों से भी दूरी बनानी चाहिए।

### इग्नू का लाभ ले विद्यार्थी

**पानीपत।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्म पाल बताया की इग्नू ने जुलाई 2025 सत्र के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन और ओडीएल माध्यम से दाखिले की अंतिम तिथि 15 सितंबर तक कर दी है। यह निर्णय उन छात्रों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है जिन्हें मेरिट या अन्य कारणों के चलते पूर्व में दाखिला नहीं मिल सका था। इग्नू द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्र उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, और परंपरागत शिक्षा को सरल एवं सुलभ तरीके से प्राप्त कर सकते हैं।

### बाढ़ पीड़ितों की मदद करें

**पानीपत।** सीपीआई के राज्य सचिव का.दरियाव सिंह कश्यप व राज्य कार्यकारिणी के सदस्य का.पवन सैनी एडवोकेट ने कहा कि सीपीआई भी बाढ पीडितों का हर संभव सहयोग करेगी।

## संस्कृति-विरासत की गूंज, भविष्य की धड़कन का किया विमोचन

*हिंदी साहित्य वार्षिक महोत्सव उत्कर्ष का शुभारंभ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में हिंदी साहित्य वार्षिक महोत्सव उत्कर्ष 2025 का शुभारंभ एन.आई.टी. कुरुक्षेत्र की हिंदी साहित्यिक समिति अनामिका ने अपने वार्षिक हिंदी महोत्सव उत्कर्ष-25 का शुभारंभ किया। दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना और मंच संचालन के साथ हुए उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्रो. नवनीत अरोड़ा (आईआईटी रुड़की) प्रो. दीक्षित गर्ग सहित अन्य मौजूद रहे।



#### छात्रों ने प्रस्तुतियों से समारोह को बनाया जीवंत

इस अवसर पर समिति की वार्षिक पत्रिका संस्कृतिझविरासत की गूंज, भविष्य की धड़कन का विमोचन हुआ, जिसे छात्रों की रचनात्मकता और साहित्यिक अभिव्यक्ति का दर्पण बताया गया। अतिथियों ने अपने वक्तव्यों में हिंदी को हमारी धरोहर, पहचान और भविष्य की भाषा बताते हुए इसके तकनीकी और शैक्षिक महत्व पर जोर दिया। छात्रों ने नृत्य, संगीत और नाटक जैसी प्रस्तुतियों से समारोह को जीवंत बना दिया। उत्कर्ष-25 तीन दिवसीय आयोजन है, जिसमें काव्य संगम, शान-ए-उत्कर्ष, चित्रकला, वाद-विवाद, लघु नाटक, निबंध लेखन और क्विज जैसी प्रतियोगिताएं होंगी।

### सड़क में गड्ढों से जनता परेशान

**समालखा।** समालखा में गांव मनाना से मंडी तक पहुंचने का रास्ता बेहद खराब स्थिति में है। मनाना से गांव किवाना होते हुए समालखा तक का दस किलोमीटर का रास्ता गड्ढों से भरा हुआ है। इस रास्ते पर पैदल चलना भी मुश्किल है। वाहन ड्राइवरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं इस क्षेत्र के निवासियों का आरोप है कि मार्केटिंग कमेटी की जिम्मेदारी वाले इस रोड की वर्षों से उपेक्षा की जा रही है। ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन और स्थानीय नेताओं को इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन समाधान नहीं हुआ।

## धर्म परिवर्तन पर पानीपत में आयोजित हुई विधि जागरूकता कार्यशाला

# लव जिहाद व जनसंख्या असंतुलन, भविष्य पर मंडराते गंभीर संकट : राम

*कार्यक्रम में सैकड़ों अधिवक्ताओं समेत प्रबुद्ध लोगों ने भाग लिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन पर आयोजित कार्यशाला का दीप जला कर शुभारंभ करते अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

स्वधर्म उत्थान सेवा न्यास द्वारा प्रायोजित और धर्म जागरण समन्वय द्वारा आयोजित हरियाणा विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन निवारण अधिनियम 2022 पर केंद्रित कार्यशाला आर्य कॉलेज में हुई। कार्यक्रम में सैकड़ों अधिवक्ताओं समेत प्रबुद्ध लोगों ने भाग लिया। वहीं, अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहविभाग संघचालक सुशील ने की। जबकि मुख्य वक्ता अखिल भारतीय विधि प्रमुख राम प्रसाद रहे। मुख्य अतिथि संचार मंत्रालय भारत सरकार के निदेशक जयपाल शर्मा आईईएस रहे। धर्म जागरण समन्वय के विधि प्रमुख विकास लाकड़ा ने सभी अतिथियों और अधिवक्ताओं का स्वागत किया। समाज में बढ़ता धर्मांतरण एक गंभीर समस्या है और इसके समाधान के लिए अधिनियम की समझ आवश्यक है। मंच संचालन हर्ष सैनी द्वारा किया गया। राम प्रसाद ने स्पष्ट किया कि धर्म जागरण समन्वय का उद्देश्य गलत तरीकों द्वारा किए जा रहे धर्मांतरण को रोकना और धर्म परिवर्तन कर चुके लोगों को पुनः समाज में लौटाना है। लव जिहाद व जनसंख्या असंतुलन, भविष्य पर मंडराते गंभीर संकट है।

#### अधिवक्ताओं का धन्यवाद किया

उन्होंने संविधान निर्माण प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए कहा कि डॉ.भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा ने धार्मिक आधार पर जनसंख्या असंतुलन से होने वाले खतरों को समझा था। जयपाल शर्मा ने कहा कि किसी समाज का भविष्य जागरूकता पर निर्भर करता है। उन्होंने अधिवक्ताओं से आग्रह किया कि वे इस अधिनियम को गहराई से समझें और समाज में इसके लाभ को साझा करें। अंत में अध्यक्ष सुशील ने सभी अतिथियों और उपस्थित अधिवक्ताओं का धन्यवाद किया।

### सरस्वती तीर्थ पुरोहित ब्राह्मणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पिहोवा।** सरस्वती तीर्थ के पुरोहित ब्राह्मणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर तीर्थ क्षेत्र में भिक्षा मांगने वालों को हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि सरस्वती तीर्थ परिसर में भीख मांगने वाले बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को परेशान करते हैं।खासकर भीख मांगने वाली महिलाओं को अगर श्रद्धालुओं को परेशान न करने की बात कहीं जाती है वे छेड़खानी की सीधी धमकी देती हैं। जिंससे माहौल खराब हो रहा है। पुरोहितों ने बताया कि पहले भी कई बार इस विषय में पुलिस और प्रशासन को शिकायत दी गई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

## खबर संक्षेप

### शहीद स्मारक में सफाई के लिए मांगा टेंडर

**अंबाला।** अंबाला छावनी में बन रहे शहीद स्मारक में साफ-सफाई को लेकर टेंडर के लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है। विज्ञापन के अनुसार आवेदन करने की आखिरी तारीख 13 अक्टूबर रखी गई है। बता दें कि, 1857 की क्रांति की याद में वीर जवानों की बहादुरी एवं शहादत को नमन करने के लिए अंबाला कैंट में नेशनल हाईवे पर आजादी की पहली लड़ाई का सीरीज स्मारक का निर्माण किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग का दावा है कि यह एशिया का सबसे बड़ा स्मारक बनाया जा रहा है।

### मोबाइल फोन छीनने पर अज्ञात के खिलाफ केस

**जींद।** गांव फरैण कलां के निकट शाम को एक अज्ञात व्यक्ति ने बाइक सवार से मोबाइल फोन छीन लिया और बाइक के साथ तोडफ़ोड़ की। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात युवक के खिलाफ छीना झपटी करने, तोडफ़ोड़ करने का मामला दर्ज किया है। घटना को अजांम देकर आरोपित फरार हो गया। शिकायत के आधार पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ छीना झपटी तथा तोडफ़ोड़ का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रंजिशन हमला करने पर छह नामजद

**जींद।** गांव कंडेला में रजिशन हमला कर युवक को घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव शाहपुर निवासी परमेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी सुनील से रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते सुनील तथा उसके साथियों ने गांव कंडेला के निकट घेर लिया और हमला कर घायल कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई।

### हमला कर घायल करने पर छह पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव गतौली में हमला कर युवक को घायल करने पर जुलाना थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव गतौली निवासी साहिल ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसकी गांव के ही प्रवीण से कहासुनी हो गई थी। जिस पर प्रवीण ने अपने साथियों के साथ मिल कर उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई। ।

### रामराय में रक्तदान शिविर 17 को

**जींद।** युवा विकास समिति जींद के द्वारा एक स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 17 सितंबर को किया जा रहा है। समिति अध्यक्ष प्रदीप रेढू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन कर रही है।

### 19 को डीसी को ज्ञापन सौंपेगी समिति

**जींद।** अलेवा बस अड्डे के पास बनी धर्मशाला में रविवार को जमीन बचाओ समिति की बैठक हुई। इसमें अलेवा ब्लॉक के 12 गांवों के किसानों, मजदूरों व आम ग्रामीणों ने भाग लिया।

## मंत्री अनिल विज ने कार्यकर्ताओं को दिए निर्देश

# पीएम के 75वें जन्मदिन पर हर मंडल से 75-75 कार्यकर्ता करेंगे रक्तदान

### 17 से 2 अक्तूबर तक कई कार्यक्रमों का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मंत्री अनिल विज ने कहा कि स्वयंसेवक से प्रधानमंत्री बनने वाले नरेंद्र मोदी का जन्मदिन 17 सितंबर को मनाया जा रहा है। 2 अक्तूबर को लाल बहादुर शास्त्री और महात्मा गांधी का जन्मदिन है। उन्होंने कहा कि 17 से 2 अक्तूबर तक सेवा पखावड़ा सारे देश में मनाया जा रहा है। इसके लिए कई कार्यक्रम बनाए गए हैं। विज शाम को लार्ड महावीर जैन पब्लिक स्कूल के सभागार में बड़ी संख्या में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता आए हैं। यह रूप देख जोश हिलोरे लेने लगता है। कार्यकर्ता ही हमारी ऑक्सीजन हैं व ताकत के टीकें हैं। उन्होंने कहा जब भी हमारा कोई कार्यक्रम आता है तो कार्यकर्ताओं का जोश दिखता है।


पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच खड़े मंत्री अनिल विज।

### अनिल विज का आह्वान: हर गली–मोहल्ले में सफाई

विज ने बताया की 17 सितंबर से रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, प्रदर्शनी व अन्य कई कार्यक्रम विभिन्न स्तर पर होंगे। इसके अलावा प्रबुद्ध संवाद, नमो मैराथन, संगोष्ठी, दिव्यांगों को उपकरण वितरण, विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता, नमो वन, नमो पार्क, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता व अन्य कार्यक्रम शामिल है। उन्होंने कहा कि बारिश का मौसम अभी खत्म हुआ है। हमें हर गली-मोहल्ले में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई अभियान चलाने की जरूरत है। हर कोना सफाई मांग रहा है। हमारे बूथों की सारी टीम अपने साधनों से निकले और अपने-अपने बूथों के क्षेत्रों को साफ करे, यहीं मोदी जी के लिए सबसे बड़ा उपहार होगा। विज ने कहा कि हमारे चार मंडल मोदी जी के 75वें जन्मदिवस पर 75-75 लोगों से रक्तदान करवाएं। इन रक्तदाताओं की ग्रुप फोटों खींचकर भाजपा कार्यालय में लगाई जाएगी। इसी प्रकार नमोवन कार्यक्रम के तहत खाली जगह को चयनित कर 75-75 पेड़ लगाए जाए। उन्होंने कहा मंडल पदाधिकारी अपने अपने मंडलों में जगह तय कर वहां पेड़ लगाए। उन्होंने कहा पेड़ बड़े लगाए जाए जिससे टी-गार्ड लगाने की जरूरत न पड़े। इसी प्रकार हेल्थ चेकअप कैंप, प्रदशर्निया लगाई जाएगी। इसी तरह सभी लेबर चौक या जहां पर श्रमिक आकर बैठते है वहां श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों को लड्डू वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं सेवक से प्रधानमंत्री बने। उन्होंने भी जो सीखा वह आरएसएस से सीखा है। वह कॉलेज में पढ़ते थे तो उनके प्रोफेसर गोपाल किशन ने उन्हें एबीवीपी का महामंत्री बनाया था। वह अक्सर उन्हें शाखा में ले जाया करते थे। मंत्री अनिल विज ने विपक्षी दलों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने इंडस्ट्रियल एरिया का भी दौरा किया जहां विभागों को कार्य के लिए लगाया गया है। उन्होंने इंडस्ट्रियल एरिया जल्द शुरू हो इसके लिए पूरे विभागों को वहां पर लगाया गया है। उन्होंने कहा बरसातों के समय रात के दस बजे भी कहीं दौरा करने गए तो वहां का नपा सदस्य कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर खड़ा मिला।

### रिकॉर्ड जलस्तर के बावजूद बांध ने शहर बचाया

इस बार टांगरी नदी में रिकार्ड 43 हजार क्यूसिक पानी आया जबकि पहले 25 हजार क्यूसिक पानी आता था। मगर उनके द्वारा टांगरी नदी पर जो आठ किलोमीटर लंबा बांध बनाया गया उससे अंबाला छावनी शहरी क्षेत्र का बचाव हुआ। कहा टांगरी नदी के दूसरी ओर पानी आया, मगर इससे पहले उन्होंने टांगरी नदी किनारे चंदपुरा से कोटकछुआ तक टांगरी को छह फुट गहरा करने का कार्य मंजूर कराया। मगर हमारे शहर के ब्यान बहादुरों (विपक्षियों) द्वारा टांगरी नदी में खुदाई रूकवाई गई।

### ये रहे मौजूद

इस पूरी प्रक्रिया में एक महीने तक नदी में खुदाई का काम प्रभावित हुआ, यदि काम न रोका जाता तो उनका दावा है कि टांगरी नदी के दूसरी ओर पानी नहीं आता। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, भाजपा नेता संजीव सोनी, राजीव गुप्ता डिंपल, आशीष अग्रवाल, विजेंद्र चौहान, बीएस बिंद्रा, अजय बवेजा, हर्ष बिंद्रा, प्रवेश शर्मा, पुनीत सरपाल, फकीरचंद सैनी, तरविंद्र सिंह सौनू, नरेंद्र राणा, बलविंद्र सिंह शाहपुर, पार्षद मदनलाल, भरत कोछड़, रामबाबू यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**अंबाला।** रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते मंत्री अनिल विज।

## 100 श्रद्धालुओं ने किया शिविर में रक्तदान

- संत निरंकारी मिशन धर्म की ओर से आयोजित हुआ शिविर, मंत्री अनिल विज पहुंचे मुख्यअतिथि के तौर पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मंत्री अनिल विज ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। रक्तदान करके ही रक्त की पूर्ति की जा सकती है। संत निरंकारी मिशन धर्म के साथ-साथ सामाजिक कार्य में आगे आकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कैबिनेट मंत्री ने यह अभिव्यक्ति रविवार को संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन के सौजन्य से अंबाला छावनी में संत निरंकारी भवन में आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहे। इससे पहले कैबिनेट मंत्री का यहां पहुंचने पर संत निरंकारी मिशन के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। विज ने इस मौके पर स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं से बातचीत करते हुए उन्हें प्रोत्साहित भी किया और कहा कि रक्तदान करके आप दूसरों को भी इस दान के लिए प्रेरित कर रहें हैं। संत निरंकारी मिशन हर वर्ष यहां पर रक्तदान शिविर लगाता है। रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा महादान हैं। उन्होनें कहा कि विज्ञान ने बहुत तरक्की कर ली है लेकिन रक्त की पूर्ति केवल मानव शरीर से ही संभव है, इसलिए एक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करके हम बीमार व्यक्ति या दुर्घटना में घायल व्यक्ति की अमूल्य जिंदगियों को बचा सकते हैं। उन्होनें इस मौके पर संत निरंकारी मिशन की गतिविधियों एवं विस्तार के लिए 10 लाख रूपए देने की घोषणा की।

इस मौके पर संत निरंकारी मिशन छावनी ब्रांच के इंचार्ज नवतेज सेठी व सेवादल संचालक सतीश सेठी ने मंत्री का यहां पहुंचने पर अभिनन्दन किया और बताया कि आज आयोजित रक्तदान शिविर में 100 यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया हैं। रक्तदान को लेकर मिशन से जुड़े लोगों में उत्साह एवं जोश है। उन्होंने सामाजिक गतिविधियों के लिए सहयोग देने के लिए कैबिनेट मंत्री का धन्यवाद भी किया। इस मौके पर पीपी सिंह ज्ञान प्रचारक, मिशन से विजय कुमार, भाजपा पदाधिकारी अजय बवेजा, प्रेम राणा, विपिन खन्ना अनिल बहल के साथ-साथ अन्य मौजूद रहे।

## शिविर में 120 लोगों की आंखें जांची

- कई लोगों को मोतियाबिंद ऑप्रेशन करवाने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राष्ट्र जागरण मंच ट्रस्ट तथा गुरुद्वारा सुख निधान लंगर साहिब प्रबंधक कमेटी के मुख्य सेवादार राजविंदर सिंह की अध्यक्षता में रविवार को एक निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर ब्लॉक समिति के वाइस चेयरमैन मलकीत सिंह ने शिरकत की। इस नेत्र जांच शिविर में अंबाला शहर के फिलाडेलफ़िया अस्पताल के निदेशक डॉ. सुनील सादिक के निर्देशन में पहुंचे डॉ. एसएम. शर्मा, डॉ. मनिंदर सिंह, डॉ. गुरप्रीत सिंह, शिवानी, स्नेहा, मुस्कान एवं रिया सोलोमन की टीम ने 120



**बराड़ा।** शिविर में मुख्यअतिथि का स्वागत करते हुए आयोजक।

मरीजों की आंखों की जांच की। जांच के दौरान करीब तीन दर्जन मरीजों की आंखें कमजोर पाई गईं। उन्हें मौके पर ही निशुल्क चश्मे वितरित किए गए। 19 लोगों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन की सलाह दी गई। मुख्य अतिथि मलकीत सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि "आंखें कुदरत की सबसे बड़ी नेअमत हैं। इनकी देखभाल करना हर किसी की जिम्मेदारी है। खासकर बुजुर्गों को अपनी आंखों की नियमित जांच अवश्य करानी चाहिए ताकि मोतियाबिंद जैसी बीमारियों का समय रहते उपचार कराकर दृष्टि बचाई जा सके। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे नियमित रूप से आंखों की जांच करवाएं और समय पर उपचार कराकर अंधेपन से बचाव करें।

## पोल्ट्री फार्मों के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

- मंत्रालय ने सुनवाई के दौरान सिर्फ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया
- मालिक बोला जांच के बाद फार्म बंद करने के मिले थे आदेश, एनजीटी से स्टे मिलने के बाद आदेश हुए रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गांव समलेहड़ी में दो मुर्गी फार्म को बंद कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इससे पहले ग्रामीण दोनों मुर्गी फार्म के गेट के बाहर जमा हुए थे।

- तुरंत फार्म बंद करने की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन ने आदेश दिए थे कि पोल्ट्री फार्म बंद हो लेकिन फिर भी इन्हें बंद नहीं किया गया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर फार्म बंद नहीं किए गए तो वे मुख्यमंत्री और हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सचिव से शिकायत करेंगे। उधर फार्म संचालक पुनीत गुप्ता ने बताया कि उनके फार्म को बंद करने के आदेश जरूर दिए गए थे लेकिन उन्होंने एनजीटी से स्टे ले लिया और दोबारा पेशी के लिए समय मांगा। इसके बाद अगस्त 2025 में फार्म बंद करने का आदेश वापस ले लिया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव के अंदर गर्ग और प्रेम पोल्ट्री फार्म चल रहे हैं जिन्हें बंद होना चाहिए। इस मामले में कृष्ण चौहान ने बताया कि ग्रामीण कई सालों से इन्हें बंद कराने की कोशिश कर रहे हैं। उनका आरोप है कि ये पोल्ट्री फार्म प्रदूषण विभाग के किसी भी नियम का पालन नहीं करते जिससे गांव में लोगों को दिक्कत होती है। उन्होंने बताया कि 2014 और 2015 में हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सचिव ने इन्हें बंद करने के आदेश दिए थे। इस मामले में लंबे समय से लड़ाई लड़ रहे मान सिंह राणा का कहना है कि उन्होंने 2020 में फिर से ऑर्डर को सही कराया था।

नियमानुसार मुर्गी की उम्र 72 हफ्ते यानी 504 दिन मानी जाती है। इसी अवधि तक अंडे देना फायदेमंद होता है। ग्रामीणों का आरोप है कि पोल्ट्री फार्म संचालकों ने अक्टूबर 2020 में लिखकर दिया था कि आगे कोई नई मुर्गी नहीं डाली जाएगी। इसके बावजूद दोनों पोल्ट्री फार्म लगातार चल रहे हैं। उनका कहना है कि बार-बार आदेश आने के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है।

### ग्रामीण बोले, रिपोर्ट झूठी

एसडीएम विनेश कुमार ने बताया कि इन फार्मों को बंद करने के आदेश जरूर दिए गए थे लेकिन बाद में सरकार ने उन्हें वापस ले लिया था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पोल्ट्री फार्म को फायदा पहुंचाने के लिए हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एक साइंटिस्ट ने झूठी रिपोर्ट पेश की थी। रिपोर्ट में दिखाया गया था कि फार्म की रजिस्ट्री मानक लागू होने से एक साल पहले की है जबकि हकीकत अलग थी। इस गड़बड़ी के सामने आने के बाद साइंटिस्ट को सस्पेंड कर दिया गया था। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पटवारी ने अपनी रिपोर्ट में गर्ग पोल्ट्री फार्म की लोकेशन गलत दिखाई। सड़क से 200 मीटर अंदर स्थित फार्म को उसने 200 मीटर दूर बता दिया।

## हिंदी हमारी राष्ट्रीय एकता व अखंडता की प्रतीक

- हिंदी दिवस पर अध्यापिकाओं ने दिखाई प्रतिभा, एसपी ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस पर कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्कूल के अध्यापकों ने भाग लिया। अध्यापकों ने हिंदी दिवस और अन्य विषयों पर कविता पाठ किया। अध्यापकों ने कहीं वर्तमान मुद्दों पर, तो कहीं माता-पिता पर कविताएं बोली। तो कहीं संवाद के माध्यम से भरत व कैकई के वार्तालाप को कविता के माध्यम से दर्शाया। मानव जीवन चक्र पर बहुत सुंदर-सुंदर


**अंबाला।** प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली शिक्षिकाएं।

प्रस्तुतियां दी गई। प्रकृति का संदेश, कृष्ण जी की चेतावनी, नीड का निर्माण फिर से, आदि एक से बढ़कर एक कविता पाठ हुए। कोऑर्डिनेटर ममता विशिष्ट ने सामाजिक आचरण पर अपने विचार रखें। हिंदी दिवस पर इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसपी अजीत सिंह शेखावत ने शिरकत की। उन्होंने अपने वक्तव में कहा कि हिंदी हमारी युगों पुरानी भाषा है। हिंदी भाषा जन-जन की तथा सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषाओं में से एक है। हिंदी हमारी राष्ट्रीय एकता व अखंडता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि हमे हिंदी भाषा पर गर्व होना चाहिए और हिंदी बोलने में शर्म महसूस नहीं करनी चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कविता प्रतियोगिता की सभी प्रतिभागी अध्यापिकाओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने इस कार्यक्रम में अध्यापक गण की कविता पाठन पर अच्छी पकड़ के लिए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा है। हिंदी का सम्मान देश का सम्मान है. हिंदी की लोकप्रियता को विश्व व्यापी बनाने में शिक्षकों का अहम योगदान है। उन्होंने सभी को हिंदी दिवस की बधाई दी।

### ये रहे मौजूद

*इस दौरान आयोजित प्रतियोगिता में ममता विशिष्ट, शशि शर्मा, मोनिका, रेनू शर्मा, चरणजीत कौर, पुष्पिंदर कौर, अमनदीप कौर, सुषमा वालिया, गुरकीरत कौर, अनु, आरती, स्नेहा व निधि शामिल रही।*

## सेवा के बिना मानव जीवन निरर्थक

- दिव्य ज्योति जागृति संस्थान आश्रम में आयोजित हुआ साप्ताहिक सत्संग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के मॉडल टाउन स्थित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम में रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। इस दौरान साध्वी नैतिकता भारती ने मानव जीवन में सेवा का महत्व समझाते हुए कहा कि सेवा के बिना मानव जीवन निरर्थक है। प्रकृति और परमात्मा ने मनुष्य को सृष्टि का सिरमौर बनाकर इस धरती पर उतारा है। केवल अपने स्वार्थ पूर्ति हेतु जीवन यापन करते हुए संसार से चले जाना मानवता नहीं है अपितु परोपकार एवं जन कल्याण की भावना से सेवारत होकर जीवन को


**अंबाला।** सत्संग के दौरान मौजूद श्रद्धालु।

सार्थक कर लेना ही मानव का परम धर्म है। यदि हमारे भीतर मनुष्य होकर भी सेवाभाव नहीं उतर पाया तो यह दुर्भाग्य है। सेवा शब्द जितना छोटा है इसका मर्म उतना ही गहन एवं गूढ़ है। यदि हमें परमात्मा की कृपा से स्वस्थ तन मिला है तो हम सभी इसका पूर्ण लाभ उठाएं। संकीर्ण सोच के दायरे एवं आलस्य का त्याग करके अपने माता पिता एवं परिवार जनों के साथ साथ समाज के निम्न एवं ज़रूरतमंद वर्ग की भी अपने सामर्थ्य अनुसार सेवा अवश्य करें। संतों, भक्तों एवं गुरु जनों की सेवा ही सेवा का अति दिव्यतम स्वरूप है क्योंकि जब मनुष्य संत या गुरु जनों की सेवा में लगता है तो उसके मन के विकार सहज रूप से ही विनष्ट हो जाते हैं। यदि गुरू सेवा के पश्चात भी मन के विकार नष्ट न हो तो इसके केवल दो ही कारण हो सकते हैं या तो शिष्य ने अभी अपने अहंकार का त्याग ही नहीं किया या उसने गुरु को अपने जीवन पर कार्य करने की अनुमति ही नहीं दी।

## मतदाता सूचियों को दुरुस्त करने के निर्देश

**नारायणगढ़।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-3 की निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम शिवजीत भारती ने को सुपरवाइजरों (चुनाव) की बैठक लेकर मतदाता सूची से संबंधित जरूरी दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि सभी सुपरवाइजर अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओ से बैठक करें और उनके व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं ताकि सूचनाओं का आदान-प्रदान सहजता से हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन मतदाताओं की आयु 100 वर्ष हो चुकी है, उनकी विशेष रूप से जांच की जाए और जिन मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है या जो स्थाई तौर पर अन्यत्र शिफ्ट हो गए हैं, उनके नाम मतदाता सूची से हटाए जाएं। यदि किसी मतदाता का नाम गलत दर्ज है या सूची में कोई अन्य त्रुटि है, तो उसे भी तत्काल ठीक किया जाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने विज ने पर बोला जवाबी हमला

# मंत्री विज को डूबते अंबाला कैंट से ज्यादा अपनी डूबती राजनीति की चिंता

- चित्रा बोली, 3000 करोड खर्च करने के बाद भी क्यों बेहाल है कैंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने कहा कि अंबाला छावनी की टांगरी नदी एक बार फिर उफनी, खेत-खलिहान, इंडस्ट्रियल एरिया और गांवों में पानी घुसा मिला पर चर्चा का केंद्र राहत और बचाव से हटकर राजनीतिक बयानबाज़ी बन गया। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि विज का हर भाषण अब


**अंबाला।** बरसात में टूटी सड़क का निरीक्षण करती चित्रा सरवारा व अन्य।

अंबाला कैंट को डूबने से बचाने का नहीं बल्कि अपनी डूबती राजनीति को बचाने का बन चुका है। पानी कहां से आया, कैसे आया, कैसे निकलेगा यह सभी बातें पीछे रह गई हैं। मंत्री का ध्यान अब इस बात पर सिमट गया है कि कौन किससे मिलता है, कौन किसके साथ मुख्यमंत्री से मिलने गया, किसने किसके साथ फ़ोटो कराई, किसने चश्मा पहना, कौन किसने कौन सा दुपट्टा ओढ़ा। चित्रा ने कहा कि अगर मंत्री अपने फेसबुक हैंडल से लिखकर लोगों से पूछते — "बताओ किसको कहां किस वक्त मदद की जरूरत है मैं आपकी मदद करता हूं। उन्होंने कहा कि मंत्री बेवजह के बयानों में व्यस्त है। उन्होंने मंत्री से सवाल पूछते हुए कहा कि बाढ़ की चपेट में बंधे किनारे मजबूर औरतें, मासूम बच्चे उनसे यह नहीं पूछ रहे कि पार्टी में कितनी गुटबाज़ियां हैं। वे पूछ रहे हैं कि उनके सर पर छत थी या नहीं,उनको खाना मिला या नहीं। चित्रा ने मंत्री को चुनौती देते हुए कहा कि 35 साल राज करने वाले अपनी नाकामियों का ठीकरा दूसरों पर न फोड़े। उन्होंने विज को याद दिलाया 35 साल अंबाला कैंट ने आपको दिए और पिछले 15 साल वे लगातार विधायक व मंत्री भी रहे हैं।

### टांगरी बंधे के अधूरे निर्माण पर जांच की मांग

15 साल में होम मिनिस्ट्री और 3000 करोड़ के बावजूद अंबाला कैंट की दुर्व्यवस्था ज्यों की त्यों क्यों बनी हुई है? उन्होंने टांगरी के बंधे को लेकर ठोस तथ्यों के साथ सवाल उठाए। बताया कि जिस जमीन पर बंधा बनना था वह भूमि 1986 में ही अधिग्रहित कर ली गई थी बावजूद इसके वह बंधा आज तक पूरा नहीं हुआ। खसरा नंबर 13/22 पर विस्तार से जांच होनी चाहिए वहां पहले पक्का और आगे मिट्टी का कच्चा पर ऊंचा बंधा बनाया गया पर बीच का कुछ हिस्सा छोटी सी डोल के साथ छोड़ दिया गया जिससे बंधे की अखंडता और बाढ़ नियंत्रण प्रभावित हुआ। चित्रा ने कहा स्थानीय जनता से पता चला है कि इसी जगह पर एक फैक्ट्री खड़ी है। यहीं पर भाजपा का कथित कार्यालय भी है। कार्यालय जहां चुनाव के समय मंत्री अनिल विज ने अनेकों युवाओं को भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण कराई थी। यह कार्यालय और फैक्ट्री स्थानीय लोगों में विवाद का विषय बने हुए हैं जिनका कहना है कि इन्हीं के कारण बंधे का निर्माण अधूरा छोड़ा गया। चित्रा ने कहा कि कागजों के मुताबिक जिन किसानों की जमीन अधिग्रहित हुई थी उनमें रंजीत सिंह भी एक नाम है जो भाजपा ग्रामीण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष है। इसी स्थान फैक्ट्री व टावर से वह काम चलाते हैं। उन्होंने अनुरोध किया कि इस जमीन और प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच हो और जनता को पूरी जानकारी दी जाए।